# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 25 अप्रैल 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने राजस्थान के किस जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है?**

(a) कोटा

(b) जयपुर

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

♦ केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने 22 अप्रैल को घोषणा की कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने देश भर में 10 नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

♦ वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों के लिए स्वीकृत स्थलों में राजस्थान से जयपुर शामिल हैं

♦ यह निर्णय ईएसआई निगम की 194वीं बैठक के दौरान लिया

**01. राजस्थान में कौनसा शहर देश का पहला सिग्नल-फ्री शहर है?**

(A) कोटा

(B) उदयपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦राजस्थान में कोटा देश का पहला सिग्नल-फ्री शहर है जहां आपको एक भी ट्रैफिक लाइट नहीं दिखेगी। देश का पहला शहर होने के अलावा यह दुनिया का दूसरा शहर भी है।

♦सबसे पहले भूटान की राजधानी थिम्पू को सिग्नल फ्री किया गया, अब भारत में राजस्थान के कोटा जिले को भी सिग्नल फ्री कर दिया गया।

♦2 दर्जन से अधिक फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए, जिससे सभी प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की जरूरत खत्म हो गई

02. राजस्थान में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत 'एक जिला एक उत्पाद नीति 2024 कब तक के लिए प्रभावी रहेगी?

(a) 31 मार्च, 2027

(b) 31 मार्च, 2029

(c) 31 मार्च, 2028

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार ने पंच गौरव कार्यक्रम के तहत 'एक जिला एक उत्पाद नीति 2024' (ओडीओपी) को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है, जो 31 मार्च, 2029 तक प्रभावी रहेगी।

♦इस नीति के तहत चित्तौड़गढ़ जिले को मार्बल और ग्रेनाइट उत्पाद के लिए चयनित किया गया है।

♦ 'एक जिला एक उत्पाद नीति 2024 के तहत लाभ केवल उन्हीं इकाइयों को मिलेगा जो एसएसओ पोर्टल पर उपलब्ध एप्लिकेशन के माध्यम से पंजीकरण कराएंगी।

**03. हाल ही में राजस्थान में किस जाति के बच्चों के लिए 'चल विद्यालय' खोले जाएंगे?**

(A) अनुसूचित जनजाति

(B) अनुसूचित जाति

(C) घुमंतू जाति

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में घुमंतू जाति के बच्चों के लिए 'चल विद्यालय' खोले जाएंगे.

♦प्रदेश में कोई भी बच्चा किसी भी कारण से शिक्षा से वंचित न रहे. इसी उद्देश्य को लेकर सरकार अब जल्द ही 'चल विद्यालय' शुरू करने जा रही है.

♦इन विद्यालयों के जरिए उन विद्यार्थियों तक पहुंच बनाई जाएगी, जो घुमंतु जातियों से हैं. इन विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर घुमंतु जाति के बच्चों को प्रवेश देकर उनके ही स्थान पर विद्यालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.

**04. लोक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में राज्य में राइजिंग राजस्थान” कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए किसे मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 से नवाजा गया?**

**(A) प्रफुल्ल कुमार**

**(B) अजिताभ शर्मा**

**(C) टीना डाबी**

**(D) इनमें से कोई नही**



**Important Facts:**

♦ लोक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर के हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में 21 अप्रैल को लोक सेवा दिवस-2025 समारोह का आयोजन किया गया।

♦समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोक सेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 व राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार से सम्मानित किया।

♦कार्यक्रम में उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा को दिसंबर 2024 में “राईजिंग राजस्थान” कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 दिया गया

**05. राजस्थान में मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना में अगले 6 महीनों में कितनी महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा?**

(A) 5 हजार

(B) 20 हजार

(C) 10 हजार

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➡ राजस्थान के महिला एवं बाल विकास विभाग ने मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना के तहत 8वीं और 10वीं पास के लिए 4525 पदों की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को घर से काम करने का अवसर प्रदान करना है।

♦राजस्थान की महिला अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। इसके अलावा, कुछ पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई और 31 जुलाई 2025 भी है।

♦इस योजना के तहत, अगले 6 महीनों में 20,000 महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा

06.राजस्थान में 'मारवाड़ रत्न पुरस्कार' 2025 के तहत महाराजा विजयसिंह सम्मान किसे प्रदान किया जाएगा?

(A) बतूल बेगम

(B) मामे खान

(C) रूमा देवी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित 'मारवाड़ रत्न पुरस्कार' के 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है.

♦इस वर्ष 18 श्रेणियों में विभूतियों को यह पुरस्कार 12 मई को जोधपुर स्थापना दिवस के अवसर दिया जाएगा

♦महाराजा विजयसिंह सम्मान– पद्मश्री बतूल बेगम (राजस्थानी लोक संगीत में योगदान के लिए)

07. केंद्र सरकार द्वारा वाइब्रेंट विलेजेज़ कार्यक्रम-II राजस्थान के किस जिले में लागू किया जाएगा?

(a) बाड़मेर

(b) श्रीगंगानगर

(c) बीकानेर

(d) उपर्युक्त सभी

**Important Facts:**

➥देश के सीमावर्ती क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाइब्रेंट विलेजेज़ कार्यक्रम-II को मंजूरी दी है.

♦राजस्थान के 5 सीमावर्ती जिलों (बाड़मेर, फलोदी, जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर) को लाभ मिलेगा

♦इस कार्यक्रम के लिए ₹6,839 करोड़ की राशि तय की गई है.

♦वीवीपी-II के तहत सीमावर्ती गांवों में आधारभूत ढांचे का विकास, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, डिजिटल कनेक्टिविटी, और स्थानीय आजीविका के साधनों को बढ़ावा दिया जाएगा.

08. राजस्थान सरकार ने राज्यभर में 'रास्ता खोलो अभियान' को लागू करने का फैसला लिया है, यह अभियान सर्वप्रथम कहां शुरू किया गया था?

(A) बीकानेर

(B) नागौर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार ने राज्यभर में 'रास्ता खोलो अभियान' को लागू करने का फैसला लिया है। यह अभियान पहले नागौर जिले में सफलतापूर्वक चलाया गया था, जहां इससे हजारों किसानों और ग्रामीणों को वर्षों से बंद रास्तों के खुलने से बड़ी राहत मिली थी।

♦अब सरकार ने इसे एक महीने तक पूरे प्रदेश में चलाने का निर्णय लिया है।

♦ इस अभियान की पहल वर्ष 2021 में नागौर के तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की थी।

♦अब इसे पूरे प्रदेश में प्रत्येक बुधवार को चलाया जाएगा।

**09. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कब से  कब तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत की?**

(a) 15-21 अप्रैल, 2025

**(b) 21-25 अप्रैल, 2025**

(c) 18-22 अप्रैल, 2025

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 21-25 अप्रैल, 2025 तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत की, जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं में आग और विद्युत सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया।

♦उच्च जोखिम वाले स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में आपातकालीन निकासी, रोगी सुरक्षा और आग की रोकथाम पर एक वेबिनार आयोजित किया गया।

♦यह कार्यक्रम राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के MyGOV प्लेटफॉर्म के सहयोग से आयोजित किया गया था।।

**10.भारत में विश्व का पहला पूर्णत नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित शहर कौनसा होगा?**

(a) जयपुर

(b) दिल्ली

(c) अमरावती

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ अमरावती विश्व का पहला पूर्णतः नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित शहर होगा

♦आंध्र प्रदेश की नियोजित राजधानी अमरावती का लक्ष्य पूर्णतः अक्षय ऊर्जा से चलने वाला विश्व का पहला शहर बनना है, जिसका लक्ष्य 2,700 मेगावाट हरित ऊर्जा है।

♦65,000 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में सभी विद्युत आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा करने के लिए सौर, पवन और जल विद्युत को एकीकृत किया गया है।

इस महीने लॉन्च होने वाली यह परियोजना शहरी स्थिरता के लिए एक वैश्विक बेंचमार्क के रूप में काम करेगी।

Today, Quiz:

**Q. राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 में राजस्थान देश में कौनसे स्थान पर रहा है?**

(A) पहले

(B) दूसरे

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine